17 korba-bhoomi pg1_Layout 1 6/17/2024 11:36 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 18 जून 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में डीएमएफ के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

4



**बवासीर का आधुनिक इलाज**
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
**गुप्ता हॉस्पिटल**
**डॉ. शुभम् गुप्ता**
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें:- 7400009183

# शहर में दो सरकारी कॉलेजों के तीन गर्ल्स हॉस्टल अब तक नहीं हो सके शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के ग्रामीण अंचलों के कॉलेजों में संचालित हॉस्टल का शुरु होना तो दूर की बात जिला मुख्यालय जहां प्रशासन के बड़े अफसर बैठते हैं वहां दो बड़े सरकारी कॉलेजों में के तीन गर्ल्स हॉस्टल अब तक शुरु नहीं किए जा सके हैं। संसाधनों की कमी की वजह से तीनों हॉस्टल को शुरु करने तकनीकी कारण सामने आया है। यही कारण है कि दूर दराज से आने वाले छात्राओं को शहर के ही किराये के आवासों में रहने की मजबूरी बनी हुई है।

महाविद्यालय में प्रवेश का दौर शुरु हो रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के छात्राओं की पहली पसंद सरकारी कॉलेज ही रहते हैं। कम फीस होने के कारण अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी कॉलेजों में प्रवेश दिलाने तत्पर रहते हैं। बदलते समय के साथ शहर में चलने वाले दो बड़े कॉलेजों में अब सुविधाएं ⏭ शेष पेज 3 पर

## पीजी कॉलेज में 2 व मिनीमाता में 1 गर्ल्स हास्टल का हुआ है निर्माण

### खास बातें

- तीनों गर्ल्स हास्टल में उपलब्ध नहीं कराया गया है संसाधन
- किराये के घरों में रहने को मजबूर हैं छात्राएं



### ऑडिटोरियम भी हैंड ओवर नहीं

पीजी कॉलेज में कल्चर एक्टिविटी के लिए डीएमएफ मद लगभग 1 करोड़ की लागत से कॉलेज परिसर के पीछे ऑडिटोरियम का निर्माण किया गया है जो अब तक कॉलेज प्रबंधन को हैंड ओवर नहीं हो सका है। इसके पीछे भी कुछ तकनीकी कारण सामने आए हैं। हैंड ओवर नहीं होने को लेकर अपने अपने तर्क दिए जा रहे हैं। ऑडिटोरियम की निर्माण एजेंसी नगर निगम थी।

### ब्यास हॉस्टल में एनसीसी कैंप

जिले में सबसे पहले हॉस्टल की सुविधा पीजी कॉलेज को ब्यास हॉस्टल के रुप में दी गई थी।कॉलेज भवन से लगभग दो सौ कदम की दूरी पर हॉस्टल का निर्माण किया गया था। ये वहीं ब्यास हॉस्टल है जहां से जिले गठन के बाद कलेक्ट्रेट की शुरुआत हुई थी। सरकारी दफ्तर चलने के कारण हॉस्टल शुरु नहीं हो सका। कलेक्ट्रेट की नई बिल्डिंग बनने के बाद वहां से नई बिल्डिंग में दफ्तर शिफ्ट होने के बाद हॉस्टल बिल्डिंग में आरटीओ कार्यालय, महिला बाल विकास विभाग के दफ्तर चलने लगे। बाद में दोनों दफ्तरों के हटने के बाद लंबे समय तक हॉस्टल खाली रही अब वह एनसीसी बटालियन को हॉस्टल की बिल्डिंग दिए जाने के बाद अब उसके हॉस्टल के रुप में शुरु होने पर विराम लग चुका है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने खेल सुविधाओं के उन्नयन हेतु किया निर्देशित

**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर के प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम पहुंचकर कलेक्टर ने परिसर मे डीएमएफ से स्वीकृत अतिरिक्त निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने परिसर में खेल सुविधाओं का उन्नयन करने हेतु कार्ययोजना बनाने की बात कही। उन्होंने खिलाड़ियों के आवासीय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं, हॉस्टल, स्विमिंग पूल, टेनिस कोर्ट आदि का निरीक्षण करते हुए खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल अकादमी परिसर के माध्यम से जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने परिसर में रिक्त जमीन पर एक अतिरिक्त इनडोर स्टेडियम निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

### बलौदाबाजार हिंसा का विरोध कांग्रेस का धरना आज

**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर एवं ग्रामीण के तत्वाधान में 18 जून को शाम 4 बजे से सुभाष चौक निहारिका के पास धरना-प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वय सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं श्रीमती सपना चौहान ने बताया कि बलौदा बाजार जिले के ग्राम महकोनी में जैतखाम के अपमान व तोडफ़ोड़ मामले को लेकर तथा प्रदेश में जब से भाजपा सरकार बनी हुई है तब से आये दिन आगजनी एवं हिंसक घटनाएं बढी है, जिसके विरोध में उक्त आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि जिला मुख्यालय में 18 जून को प्रदेशभर में उक्त आंदोलन किया जाएगा। सभी जिलों में प्रभारी बनाकर जिम्मेदारी दी गई है। जिले के लिए सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के साथ हरीश परसाई को प्रभारी बनाया गया है।

### टीएलएम आधारित पुस्तक का राज्य स्तर पर विमोचन

**कोरबा।** डाइट रायपुर में राज्यभर के शिक्षकों का टीएमएल पर आधारित पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथियों डॉ एम सुधीश सर सहायक संचालक समग्र शिक्षा, बीएल देवांगन प्राचार्य रायपुर डाइट के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। राज्य के कुछ चुनिंदा स्कूलों के शिक्षकों ने अपने संस्था में बच्चों को टीएलएम आधारित पुस्तक से शिक्षा दे रहे हैं। कुछ टीएलएम का वीडियो लिंक के साथ टीएलएम की फ़ोटो, किस कक्षा व किस एलओएस पर काम करेगा, बनाने की विधि, लागत, गतिविधि कैसे करें? पर अपनी बातों को लिखित स्वरूप दिया है। यह प्राथमिक व माध्यमिक दोनों स्तर के शिक्षकों द्वारा बनाया गया है। इस पुस्तक का उपयोग 1ली से 8 वीं तक के शिक्षक अपने शिक्षण योजना में कर सकते हैं। इस पुस्तक में हिन्दी, गणित, पर्यावरण, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान जैसे सभी विषयों का समावेश किया गया है। पुस्तक विमोचन पर डाइट प्राचार्य ने कहा कि आप सभी ने शिक्षा में बदलाव हेतु एक अभिनव प्रयास की शुरुआत की है इससे राज्य के सभी शिक्षक लाभान्वित होंगे। डॉ एम सुधीश ने कहा कि हमारे शिक्षकों का पुस्तक आज अमेजन में छपने लगे हैं। इस मौके पर के. शारदा, डॉ प्रज्ञा सिंह, नंदा देशमुख, टीसी जायसवाल, ज्योति बनाफर, पुष्पेंद्र कश्यप, प्रतिभा त्रिपाठी, रिंकल बग्गा, योगेश्वरी साहू, भारती वर्मा आदि उपस्थित थे।

## ग्राम बंजारी की घटना, 18 हाथियों का झुंड पहुंचा था ग्राम के आसपास

# गजराजों को मारने ग्रामीणों ने घरों के बाहर प्रवाहित कर दिया था करंट का जाल





ग्रामीणों द्वारा इस तरह घर के बाहर लगाया गया करंट का जाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आज उस समय बड़ा हादसा टल गया जब ग्राम बंजारी में 18 हाथियों का झुण्ड पहुंच गया था और हाथियों से निपटने के लिए ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों के चारों तरफ करंट प्रवाहित तार की जाल बिछा दी थी। जब इसकी भनक प्रशासन को लगी तो प्रशासन व पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइए देकर किसी तरह करंट प्रवाहित तार को नीचे उतारकर तार को जप्ती करने की कार्यवाही की गई है।

### खास बातें

- प्रशासन, पुलिस, वन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्रामीणो को दी समझाईश, जप्त की गई तार



घर के बाहर लगे करंट तार को काटता वन अमला।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल में लंबे समय से हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। बताया जाता है कि 18 हाथियों का झुंड एतमानगर रेंज के ग्राम बंजारी के आसपास डेरा डाले हुए थे। जहां ग्रामीण हाथियों के खतरे को देखते हुए अपने-अपने घरों के चारों तरफ करंट का जाल बिछा दिया था ताकि हाथी उनके घरों में न पहुंचे लेकिन ग्रामीणों को यह एहसास नहीं था कि उन्होंने यह क्या कर दिया है यदि हाथी कारण प्रवाहित तार की जद में आते तो उनकी कभी भी मौत हो सकती थी। बताया जाता है कि सोमवार को जब इसकी सूचना प्रशासन के अफसरों को मिली तो बांगो थाना प्रभारी, एसडीएम, वन विभाग के कर्मचारियों की टीम तत्काल ग्राम बंजारी पहुंचे और उन्हें समझाइश दी गई कि उन्होंने करंट का जाल ⏭ शेष पेज 3 पर

### पहले भी हाथियों की हो चुकी है मौत

हाथियों के उत्पात को देखते हुए ग्रामीण अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं। कोरबा और कटघोरा वनमंडल में अक्सर हाथियों का झुण्ड विचरण करते रहता है और करंट प्रवाहित तार की जद में आने से कई हाथियों की मौत भी हो चुकी है। खासतौर पर कोरबा वनमंडल के बालको रेंज में इस तरह की घटना सामने आई थी तो वहीं दूसरी ओर कटघोरा वनमंडल में भी इस तरह की घटना सामने आने से अब हाथियों की जान खतरे में है। इसलिए वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को तत्परता दिखानी चाहिए और ग्रामीणों को सजग करना चाहिए और ऐसी हरकत को अंजाम देने के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता फैलानी चाहिए। बताया जाता है सोमवार को प्रशासन और पुलिस के अफसर को इसकी सूचना मिली जब वे मौके पर पहुंचे तो चारों तरफ करंट प्रवाहित तार देखकर उनके होश उड़ गए। यदि एक भी दिन बीछे तार को निकालने में देरी होती या इसकी सूचना नहीं मिलती तो हाथियों की मौत हो सकती थी इसलिए वन विभाग के अफसरों को इसे लेकर गंभीरता दिखानी होगी ताकि हाथी वनांचल क्षेत्र में अच्छे से विचरण कर सके।

# पिता को टांगी से उतारा मौत के घाट, भाग रहा था केरल, गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक कलयुगी पुत्र ने अपने पिता की कुल्हाड़ी के पासे से हमला कर मौत के घाट उतार दिया और पुलिस को चकमा देकर केरल भागने की तैयारी कर रहा था लेकिन पुलिस की सूझ बूझ काम आयी और पुलिस ने उसे भागने से पहले ही धरदबोचा।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोंदरो निवासी अशोक केंवट ने अपने पिता दिलचंद केंवट को टांगी के पासा से मारकर हत्या कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बालको अभिनवकांत सिंह के नेतृत्व में ⏭ शेष पेज 3 पर

### चार भाइयों में बीच का है अशोक

जानकारी के अनुसार मृतक दिलचंद केवट बालको संयंत्र में एक कंपनी में काम करता था और उसका बड़ा पुत्र संतोष केवट अपने परिवार के साथ उसी गांव में निवास करता था जबकि अशोक और दिलचंद एक साथ ही निवास करते थे जबकि एक पुत्र की मौत हो चुकी है जबकि एक और छोटा पुत्र केरल में ही निवास करता था।

### शादी के लिए बना रहा था दबाव

बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान जो बात सामने आयी है उसके मुताबिक आरोपी अशोक केवट जो काम के सिलसिले से अक्सर केरल जाया करता था जो पिछले कुछ महीनो से अपने घर दोनों में ही अपने पिता के साथ निवास कर रहा था। बताया जाता है कि दिलचंद अपने पुत्र अशोक के साथ ही निवास करता था और बताया जाता है कि अशोक केवट लगातार अपने पिता से शादी के लिए दबाव बना रहा था कि उसकी जल्दी से जल्दी शादी करा दी जाए। बताया जाता है कि वारदात के दिन भी इसी बात को लेकर पिता पुत्र में विवाद हुआ था जिसके बाद अशोक केवट ने अपने पिता दिलचंद केवट पर टांगी के पासे से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया और भागने के फिराक में था लेकिन पुलिस की तत्परता काम आयी और पुलिस ने उसे धरदबोचा।

# बैंक जाने के नाम पर निकली विवाहिता मासूम के साथ लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपने 4 वर्षीय मासूम बच्चे के साथ बैंक जाने के नाम पर निकली विवाहिता महिला लापता हो गई है परिजनों ने इसकी गुमशुदगी की सूचना पाली थाने दर्ज करा दिया है। पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिल्ली निवासी भानु प्रताप यादव की पत्नी श्रीमती बबीता यादव 38 वर्ष 12 जून की सुबह 10 बजे अपने 4 वर्षीय पुत्र लक्ष्य प्रताप यादव को साथ लेकर यूनियन बैंक पोड़ी जाने के नाम पर घर से निकली है। उसके बाद उसका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने सभी संभावित स्थानों पर रिश्ते नाते में खोज खबर की लेकिन कोई पता नहीं चल पाया है। पति भानु ने पाली थाने में इसकी लिखित सूचना दर्ज करा दी है। उसने बताया कि उसकी पत्नी का रंग सांवला, नीले कलर की साड़ी ब्लाउज, गले में मंगलसूत्र पहनी हुई है। दाहिने हाथ में गोदना से भानु लिखा हुआ है ,जबकि उसका चार साल का पुत्र जींस शर्ट और काई कलर का पेंट पहना हुआ है। झालर (मुंडन) संस्कार नहीं होने के उसके लंबे बाल है। इस संबंध में किसी को भी कोई सूचना मिलने पर पाली थाने में जानकारी देने की अपील की गई है।





लापता महिला व मासूम पुत्री।

# सिलाई मशीन वितरण में गड़बड़झाला, जिला पंचायत सीईओ ने गठित की जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

### खास बातें

- मामला जनपंद पंचायत कोरबा का
- डीएमएफ से किया गया था ग्राम पंचायतों को वितरण

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए वितरीत किए गए सिलाई मशीन में सामने आए गड़बड़झाले को लेकर जिला पंचायत सीईओ ने संज्ञान में लेते हुए सहायक आयुक्त आदिवास विकास के नेतृत्व में तीन सदस्यी जांच टीम का गठन किया है जो प्रकरण की जांच करेगी।

बीते वर्ष जून माह में जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों के महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए डीएमएफ की राशि से सिलाई मशीन का वितरण किया गया था। जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत आपूर्ति की गई सिलाई मशीन के वितरण को लेकर बड़े पैमान पर अनियमितता सामने आई है। कई ग्राम पंचायतों में दिव्यांग हितग्राहियों को सिलाई मशीन का वितरण नहीं किया गया है। जिसकी पुष्टि ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि और स्वयं हितग्राहियों ने कही थी। इन हितग्राहियों में दिव्यांग, विधवा व परित्यक्ता महिलाएं शामिल थीं जिन्हें सिलाई मशीन का वितरण किया ⏭ शेष पेज 3 पर

### टीम बनाई गई है

सिलाई मशीन वितरण मामले में अनियमितता का प्रकरण सामने आने के बाद तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया है जो पूरे मामले की जांच करेगी।


-संबित मिश्रा,
सीईओ जिला पंचायत कोरबा

## डीएसपीएम संयंत्र में विद्युत उत्पादन शून्य, घंटों की मशक्कत के बाद दोबारा शुरु हुआ विद्युत उत्पादन

# मरम्मत के दौरान टूटा कंडक्टर, जर्क की वजह से 4 इकाइयां उत्पादन से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के एचटीपीपी संयंत्र व डीएसपीएम में उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी जब एचटीपीपी के दो नंबर यूनिट के मरम्मत के दौरान एचटीपीपी संयंत्र के स्वीच यार्ड में लगा कंडक्टर भ्रष्ट होकर टूट गया। जिसकी जर्क की वजह से एचटीपीपी की 210 मेगावाट वाली इकाई क्रमांक 1 उत्पादन से बाहर हो गई। वहीं डीएसपीएम संयंत्र की 250 मेगावाट वाली दोनों इकाईयों में भी जर्क की वजह से विद्युत उत्पादन ठप पड़ गया। दोनों इकाईयों के विद्युत उत्पादन से बाहर होने से संयंत्र में विद्युत उत्पादन शून्य हो गया जिससे शहर में ब्लैकआउट की स्थिति निर्मित हो गई थी। संयंत्र में जैसे ही तकनीकी खराबी आई विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम फौरन मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह संयंत्र के यूनिट को बहाल कर शहर की विद्युत व्यवस्था को भी किसी तरह बहाल किया गया।



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि जिले की एचटीपीपी संयंत्र की 210 मेगावाट की चार यूनिट व 500 मेगावाट की एक यूनिट प्रचालन पर है 1340 मेगावाट क्षमता वाले इस संयंत्र की 210 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक 2 को तकनीकी खराबी की वजह से वार्षिक रखरखाव पर लिया गया है। संयंत्र के तकनीकी विशेषज्ञों की टीम इकाई के जनरेटर में लगे बस के मरम्मत कार्य में जुटे हुए थे। इकाई क्रमांक 2 को बाईपास कर इतनी ही क्षमता वाले इकाई क्रमांक 1 से जोड़ा जा रहा था इसी दौरान संयंत्र की स्वीचयार्ड में लगा इंसुलेटर टूटा जिसके बाद कंडक्टर में तकनीकी खराबी आयी और वह भ्रष्ट होकर नीचे गिर गया। जिसकी वजह से संयंत्र ⏭ शेष पेज 3 पर

### सीमावर्ती जिलों में भी पड़ा असर

संयंत्र के यूनिट में आई तकनीकी खराबी की वजह से जहां शहर में ब्लैकआउट की स्थिति निर्मित हो गई थी तो वहीं दूसरी ओर दोनों संयंत्रों के यूनिट में तकनीकी खराबी की वजह से सीमावर्ती जिलों में भी इसका असर देखने को मिला। हालांकि विभाग के अफसरों ने घंटों मशक्कत की और शहर की विद्युत व्यवस्था को बहाल करने के साथ ही सीमावर्ती जिलों में पड़े असर को भी किसी तरह व्यवस्था को दुरुस्त करने में सफलता हासिल कर ली।

### कंडक्टर हुआ था भ्रर्स्ट

संयंत्र के स्वीचयार्ड में लगा इंसुलेटर टूट गया जिसकी वजह से कंडक्टर भ्रर्स्ट होकर टूट गया। इसकी जर्क की वजह से इकाई क्रमांक 1 से विद्युत उत्पादन ठप पड़ गया। मरम्मत के बाद इकाई से दोबारा विद्युत उत्पादन शुरु कर दिया गया है।

-संजय शर्मा
मुख्य अभियंता, एचटीपीपी संयंत्र



17 korba-bhoomi pg2_Layout 1 6/17/2024 11:09 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# छप्परफाड़ कमाई को तैयार है रेनॉल्ड की डेडपूल एंड वूल्वरिन



ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड अभिनीत फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन लंबे समय से चर्चा में है। इस फिल्म का इंतजार दुनियाभर के दर्शकों को है। इस बीच फिल्म को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रिलीज के बाद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक डिज्नी/ मार्वल स्टूडियोज की यह फिल्म पहले सप्ताहांत में 20 करोड़ डॉलर से 23.9 करोड़ डॉलर तक के बीच कमाई कर सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की कमाई का यह अनुमान द कोरम ने लगाया है जो छह सप्ताह पहले से ही फिल्म की ट्रैकिंग शुरू कर देता है। द कोरम के यह आंकड़े वाकई हैरान कर देने वाले हैं, क्योंकि कोई भी आर-रेटेड फिल्म ने अब तक पहले वीकएंड में 20 करोड़ डॉलर की कमाई नहीं की है। सबसे ज्यादा कमाई करने वाली आर-रेटेड फिल्म डेडपूल है। यह फिल्म साल 2016 में फरवरी के महीने में रिलीज हुई थी। इसने पहले सप्ताहांत में 13.24 करोड़ डॉलर की कमाई की थी। अगर फिल्म इन आंकड़ों के मुताबिक कमाई करती है तो यह सबसे तगड़ी ओपनिंग करने वाली शीर्ष पांच फिल्मों में आसानी से शामिल हो जाएगी। इस सूची में पहले नंबर पर एवेंजर्स एंडगेम है।इस लिस्ट में फिलहाल एंडगेम (35.7 करोड़ डॉलर) के अलावा स्पाइडर-मैनः नो वे होम (26 करोड़ डॉलर), एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर (25.7 करोड़ डॉलर), स्टार वार्सः द फोर्स अवेकेंस (24.7 करोड़) और स्टार वार्सः द लास्ट जेडी (22 करोड़) जैसी फिल्में शामिल हैं। डेडपूल एंड वूल्वरिन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन शॉन लेवी ने किया है।

### टॉलीवुड

# भारत का सबसे बड़ा गाना घोषित हुआ 'भैरव एंथम'



प्रभास इस महीने अपनी बहुप्रतीक्षित डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के साथ बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार हैं। फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। निर्माताओं ने महीने की शुरुआत में दिलजीत दोसांझ और प्रभास को प्रदर्शित करने वाली फिल्म के पहले सिंगल की घोषणा की थी। अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के पहले गाने 'भैरव एंथम' का प्रोमो जारी कर दिया गया है। फिल्म की टीम ने इसे भारत का सबसे बड़ा गाना करार दिया है। 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज में सिर्फ एक हफ्ता बचा है और फिल्म की टीम ने रविवार को फिल्म का पहला गाना 'भैरव एंथम' रिलीज किया है। इसी बीच निर्माताओं ने 21 सेकेंड लंबा एक प्रोमो जारी किया, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया। यह जोशीला नंबर टीम कल्कि की ओर से अब तक सामने आई सभी प्रचार सामग्री के साथ मेल खाता है। दिलजीत ने संतोष नारायणन द्वारा रचित एक पंजाबी प्रमोशनल नंबर के लिए गाना गाया, जिसमें वह और प्रभास साथ में स्क्रीन साझा करते नजर आ रहे हैं। सामान्य मार्ग पर जाने के बजाय, नाग दर्शकों को फिल्म के लिए बनाई गई दुनिया से परिचित करा रहे हैं। प्रभास के चरित्र भैरव और अमिताभ बच्चन के चरित्र अश्वत्थामा को पेश करने के अलावा, उन्होंने बुज्जी नामक एक एआई ड्रॉइड भी पेश किया है, जिसे तेलुगु में कीर्ति सुरेश ने आवाज दी है। 'कल्कि 2898 एडी' की टीम ने आनंद महिंद्रा और सिएट की मदद से फिल्म के लिए बनाए गए कस्टम-निर्मित वाहन को दिखाने के लिए हैदराबाद में एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया। प्रभास ने एक कार्यक्रम में गाड़ी चलाई, जिसमें प्रेस और प्रशंसक उपस्थित थे। बाद में, नागा चैतन्य और F1 रेसर नारायण कार्तिकेयन ने भी वाहन चलाकर दर्शकों का दिल जीता।

### भोजपुरी

# नम्रता का वीडियो हुआ जमकर वायरल, उड़ा दिए सबके होश



भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने भोजपुरी गाने पर कमाल का डांस किया है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें वो अपने लटके-झटके दिखा रही हैं। भोजपुरी एक्ट्रेसेस अपने डांस वीडियो से हर किसी का दिल बहलाती रहती हैं। खासकर नम्रता मल्ला के वीडियो सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें एक भोजपुरी गाने पर उन्होंने कमाल का डांस किया और उनका ये डांस फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। नम्रता मल्ला के लटके-झटकों को देखकर फैंस दीवाने हो रहे हैं। इंटरनेट पर भोजपुरी गाने हमेशा गर्दा उड़ाते हैं लेकिन जब कोई भोजपुरी एक्ट्रेस उसपर परफॉर्म करते हुए वीडियो शेयर करती हैं तो उसकी बात ही अलग हो जाती है। नम्रता मल्ला की नई रील सामने आई है जिसे खूब तारीफें मिल रही हैं। नम्रता मल्ला ने ये वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। नम्रता ने जिस गाने पर डांस किया है उसका नाम 'पिंजरे वाली मुनिया' है। वीडियो तैयार करने वाली टीम का दावा है कि इस गाने में नम्रता के लटके-झटके देखकर दर्शकों का एक वर्ग अपना होश खो देगा। ब्लैक आउटफिट में एक्ट्रेस काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में नम्रता मल्ला वीडियो के लिए काफी पॉपुलर हैं।

## शगुन की हरियाली

उत्तरी अमेरिका फैशन वीक (एनएएफडब्ल्यू) में डिजाइनर शगुन अग्रवाल का कलेक्शन तारीफ के काबिल रहा है। यहां शगुन ने अपनी मॉडल को हरियाली के संदेश के साथ रैम्प पर उतारा। एनएएफडब्ल्यू एक प्रेरणादायक और बहुचर्चित फैशन शो है, जो व्यापार शो, मीडिया कार्यक्रमों, सनसनीखेज पैनल चर्चाओं, शैक्षिक सेमिनारों और कार्यशालाओं से भरपूर रहता है। ऐसे मंच पर शगुन अग्रवाल का कलेक्शन दर्शकों को खूब पसंद आया।



लाइफ स्टाइल

# बैक ब्लाउज के ट्रेंडी डिजाइंस आपको देंगे स्टाइलिश लुक

वैसे तो आपको साड़ी के कई डिजाइंस ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन मार्केट तक में मिल जाएंगे, लेकिन साड़ी कितनी भी सुंदर क्यों न हो लुक को खास बनाने के लिए ब्लाउज के डिजाइन का बेहतरीन होना जरूरी होता है। इसलिए कहा जाता है कि ब्लाउज के डिजाइन पर भी ध्यान देना चाहिए। ब्लाउज के लिए फ्रंट के साथ-साथ बैक दोनों डिजाइन ही मायने रखते हैं।

अगर आप साड़ी के साथ पहनने वाले ब्लाउज के लिए आज के जमाने का डिजाइन बनवाना चाहती हैं तो आज हम आपके लिए कुछ बेहद ही खूबसूरत बैक ब्लाउज के डिजाइन लेकर आए हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### स्ट्रैप बैक डिजाइन ब्लाउज

आजकल मॉडर्न और बोल्ड लुक पाने के लिए आपको मार्केट में कई स्ट्रैप वाले ब्लाउज डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे। बता दें कि



अगर आप इस तरह का ब्लाउज सिल्वा रही हैं तो फैब्रिक के लिए हैवी वर्क वाले डिजाइन को चुन सकती हैं। इसके अलावा आप गोटा-पट्टी लेस की मदद लेकर भी स्ट्रैप बनवा सकती हैं।

### डोरी बैक डिजाइन ब्लाउज

बड़े गले पहनना पसंद करती हैं तो सपोर्ट के लिए डोरियों का इस्तेमाल ब्लाउज पर किया जाता है, लेकिन इसके बाद अब ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के लिए डोरी का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं ब्लाउज को आकर्षक बनाने के लिए आप डोरियों में हैवी लटकन का इस्तेमाल कर सकती हैं।

चूड़ी स्टाइल बैक डिजाइन - सबसे अलग डिजाइन का ब्लाउज पहनना चाहती हैं तो इस तरह से चूड़ी की मदद लेकर भी ब्लाउज का बैक डिजाइन बनवा सकती हैं। आप चाहे तो चूड़ी की जगह पर कपड़े की मदद लेकर लूप्स भी बनवा सकती हैं। इसके अलावा आप अपनी मर्जी के बैक डिजाइन ब्लाउज का शेप चुन सकती हैं।

### वी-नेक बैक डिजाइन ब्लाउज

इस तरह का डिजाइन खासकर चौड़े कंधे वालों पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस तरह के ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए आप किनारी लेस लगवा सकती हैं। इसके अलावा चाहे तो बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह का डिजाइन आपके लुक को बोल्ड बनाने में मदद करेगा।

# ईद पर दिखाना है अलग अंदाज तो इन अभिनेताओं के लुक से लें टिप्स



फैशन

हर साल ईद उल फितर के बाद ईद उल अजहा का त्योहार आता है। ईद उल फितर की तरह ही इस ईद की भी अलग अहमियत है। ईद उल अजहा इस साल बकरीद ईद 17 जून को मनाई जा रही है। इस दिन लोग खुशियां बांटते हुए मनाते हैं।

इस त्योहार पर नए कपड़े पहनने का रिवाज है। लड़कियां तो इसकी तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देती हैं। लेकिन लड़के अपनी व्यस्तताओं के चलते वक्त से पहले ड्रेसिंग सेंस पर ध्यान नहीं दे पाते। अगर आप भी इस बार ईद के दिन अपना स्टाइलिश अंदाज दिखाना चाहते हैं, तो कुछ अभिनेताओं के लुक्स देख सकते हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप ईद के दिन तैयार हो सकते हैं।



### करण सिंह ग्रोवर

टीवी की दुनिया से लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाने वाले करण सिंह ग्रोवर का हर अंदाज लोगों को काफी पसंद आता है। अगर आप ईद के दिन एथनिक पहनने का सोच रहे हैं तो करण के इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। बंद गले वाले इस कुर्ते के साथ चूड़ीदार पायजामा भी अच्छा लगेगा।

### शोएब इब्राहिम

टीवी के साथ-साथ यूट्यूब की दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने वाले शोएब का एथनिक अंदाज काफी क्लासी रहता है। उनका ये ब्लैक रंग का मिरर वर्क वाला कुर्ता पायजामा देखने में काफी अच्छा लग रहा है। इसके साथ शोएब की तरह ही दुपट्टा जरूर कैरी करें।

### विक्की कौशल

अगर कुछ रॉयल पहनने का सोच रहे हैं तो विक्की कौशल का ये लुक आपके लिए परफेक्ट रहेगा। इसके साथ आप भी विक्की की तरह ही हैवी दुपट्टा या शॉल कैरी करें। गर्मियों में पहनने के लिए अलग तरीके की शॉल आती है, जो आपके लुक को अलग दिखने में मदद करेगी।

### मोहसिन खान

अपनी क्यूटनेस से लोगों का दिल जीतने वाले मोहसिन का एथनिक अंदाज काफी अच्छा रहता है। आप ईद के लिए उनके इस लुक से टिप्स ले सकती हैं।

इसके लिए आपको बस व्हाइट कुर्ते और पायजामे के साथ ब्लू रंग की जैकेट कैरी करनी है।

# ईद के मौके पर हाथों पर सजाएं मेहंदी की बेमिसाल डिजाइंस

ईदुल अजहा के मौके पर अगर हाथों में खूबसूरत मेहंदी लगवाने की ख्वाहिश हर महिला की होती है। यहां गल्फ या अरेबिक मेहंदी डिजाइंस के बारे में आपको जरूर जान लेना चाहिए। यह डिजाइंस भी खास हैं क्योंकिक इसमें आपको गल्फ आर्ट देखने को मिल जाएगी, जो इसे अन्यत मेहंदी डिजाइंस से अलग अंदाज देती है।

### गल्फ मेहंदी आर्ट की खासियत

अरब सागर के तट पर स्थित बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में अरेबिक मेहंदी लगाने का चलन ज्यादा है। इस मेहंदी को भारतीय महिलाएं भी बहुत पसंद करती हैं। हालांकि, अरेबिक मेहंदी के अलावा अब इस क्षेत्र में अन्यइ डिजाइंस को भी पसंद किया जा रहा है। जिसमें इस्लामिक इमारतों के आर्किटेक्ट डिजाइंस को शामिल किया जाता है। मेहंदी आर्टिस्ट की हेंडराइटिंग अच्छी है तो आप उससे हाथों पर मेहंदी के कोन से ईद उल अजहा अंग्रेजी, हिंदी या उर्दू भाषा में लिखवा सकती हैं। इससे आपकी मेहंदी का त्योहार के




लिहाज से महत्व और भी ज्यादा बढ़ जाएगा। इस तरह की मेहंदी पूरी तरह से फेस्टिवल सेंट्रिक हो जाएगी।

### बेल मेहंदी डिजाइन

बेल में आपको कई डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे, लेकिन बकरीद के खास मौके पर आप इस तरह से एक की जगह 2 उंगलियों पर गल्फ डिजाइन वाली मेहंदी आर्ट बनवा सकती हैं। इसमें ज्यादातर फूल और पत्तियों के डिजाइन को पसंद किया जाता है।

# लंबे चेहरे वाली लड़कियां ट्राई करें ट्रेंडी हेयर स्टाइल, दिखेंगी खूबसूरत

अगर आपका फेस लंबा है तो इसके लिए आप यहां बताए गए हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं और परफेक्ट लग सकती हैं।

### ओपन हेयर स्टाइल

कई बार ऐसा होता है कि हम जल्दी में कोई भी हेयर स्टाइल बना लेते हैं। लेकिन अब ऐसे न करें। क्योंकि जो भी आपका फेस कट अगर आप उसके हिसाब से हेयर स्टाइल बनाएंगी तो बिल्कुल अलग नजर आएंगी। ऐसे में अगर आपका फेस लंबा है तो आप ओपन कर्ल हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको बालों को मशीन से कर्ल करना है फिर इन्हें स्प्रे से सेट करना है। ऐसे आपका हेयर स्टाइल बनकर रेडी हो जाएगा। आप चाहे तो हेयर स्टाइल बनाने के बाद फैंसी एक्सेसरीज एड कर सकती हैं।

### स्लीक बन हेयर स्टाइल

स्लीक बन हेयर स्टाइल आजकल हर कोई बनाना पसंद करता है। आप भी इन्हें बना सकती हैं। लंबे फेस वाली लड़कियों पर ये हेयर स्टाइल (ट्राई करें ये 5



हेयरस्टाइल) काफी क्लासी लगते हैं। इसकी खास बात ये होती है इस बन को बनाने के काफी कम समय लगता है। इसके लिए पहले आपको अपने बालों को स्ट्रेट करना है।

### पोनीटेल हेयर स्टाइल

अगर आप क्लासी लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए आप पोनीटेल हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के हेयर स्टाइल (पतले बालों के लिए परफेक्ट हेयर स्टाइल) लंबे फेस वाली लड़कियों पर काफी अच्छे लगते हैं।

## कार्नर न्यूज

### कई बार जल्दबाजी तो कई बार अंजाने में हो जाती हैं गलतियां, ध्यान देना जरूरी

# स्किन केयर से जुड़ी गलतियां हर दिन करते हैं पुरुष, कहीं आप भी इनमें से एक तो नहीं


जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं और ये भी आप उन्हें कैसे ठीक कर सकते हैं।

### हर चीज के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें।

### आपके शेव रूटीन से स्किन में जलन हो सकती है

फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई



देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं। इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। अगर आप इसका प्रयोग करेंगे तो आपको तुरंत फर्क नजर आने लगेगा। हाई क्वालिटी शेव क्रीम का उपयोग करने का मतलब है कम रेडनेस और कम से कम त्वचा में जलन और खुजली। शेविंग के बाद हमेशा एक नैचुरल आफ़्टरशेव का इस्तेमाल जरूर करें। इसमें अल्कोहल नहीं होना चाहिए। इसलिए सबसे बेस्ट का ही चुनाव करें।

### दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

### एसपीएफ का उपयोग न करना

स्किन को ड्राई बनाने के बहुत से कारण हो हैं, लेकिन सूर्य की किरणें इसका सबसे बड़ा कारण है। हमेशा सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल करें। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अपने मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल के बाद इसका प्रयोग करना न भूलें। सन प्रोटेक्शन फैक्टर (एसपीएफ) 15 या इससे अधिक रेटिंग वाला सनस्क्रीन चुनें।



## खबर संक्षेप



### प्रतिभा सम्मान इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित हुईं भगवती

**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा 8 जून को कोलकता के होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल में आयोजित अग्र अलंकरण समारोह में समाज सेविका भगवती अग्रवाल को उनके द्वारा किए गए सेवा कार्यों के लिए विशिष्ट प्रतिभा सम्मान इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भगवती अग्रवाल ने अंतराष्ट्रीय अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजकुमार एव उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस भव्य आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए पूरी टीम का आभार जताया। समाज सेविका भगवती अग्रवाल जिलाध्यक्ष, प्रांतीय मिडिया प्रभारी और बेटी बचाओ अभियान की संयोजक हैं।

### नाली के गंदे पानी सड़क पर बहने से लोगों को हो रही परेशानी



**कोरबा।** बरसात शुरू हुआ ही नहीं हुआ कि पहले ही वार्ड में अव्यवस्था देखने को मिल रही है। निकासी के लिए बनाया गया नाली में पानी भर जाने से गंदा पानी मंदिर और सरकारी स्कूल के सामने से बहना शुरु हो रहा है। वार्ड क्रमांक 62 चुनचुनी बस्ती में कुछ इस तरक का मामला सामने आया है। नगर पालिका बांकीमोंगरा के बाद अंतर्गत चुनचुनी बस्ती स्थित शिव मंदिर है जहां पूर्व में पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण किया गया था जो पूरी तरह से गंदगी से जाम हो गया है। आलम यह है कि नाली का पानी मंदिर के सामने और प्राथमिक शाला भवन के सामने से बह रहा है। जिसके कारण आमलोग सहित श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाली का पानी सड़क पर बहने से पास के शासकीय प्राथमिक शाला के गेट के सामने गंदा पानी बहते बहते पहुंच गया है।

### आईटी कोरबा को सीआईटी बनाने उप मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन



**कोरबा।** इंजीनियरिंग महाविद्यालयीन स्टाफ कॉलेज के अस्तित्त्व को बनाये रखने हेतु विगत कई वर्षों से शासन प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। केंद्र सरकार की नयी योजना के तहत सभी सरकारी तकनीकी महाविद्यालयों को केंद्रीय इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बनाये जाने है, इसी क्रम में आईटी कोरबा महाविद्यालय को भी सम्मिलित किये जाने हेतु स्टाफ निरंतर प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में महाविद्यालयीन स्टाफ रायपुर में उप मुख्यमंत्री के निवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपे। केन्द्रीय इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बन जाने पर जिले का समग्र विकास होगा,तकनीकी क्षेत्रों का विस्तार होगा साथ ही इन्जीनियरींग में प्लेसमेंट का स्तर बढ़ेगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता के रिक्त पदों क लिए आवेदन आज से

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना अंतर्गत परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अंतर्गत रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 18 जून से आमंत्रित किया गया है। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 2 जुलाई निर्धारित की गई है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक कार्यालय के माध्यम से जमा कर सकते हैं। भर्ती के संबंध में नियम, शर्तें, आवेदन प्रारूप एवं अन्य जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कोरबा ग्रामीण से संपर्क किया जा सकता है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना ने बताया कि आंगनबाडी कार्यकर्ता हेतु ग्राम पंचायत सोनगुढ़ा के आंगनबाड़ी केंद्र सोनगुढ़ा 2, ग्राम पंचायत बरीडीह के केंद्र बरीडीह 1 व मोहनपुर 2, ग्राम पंचायत बासीन के केंद्र बासीन 1, ग्राम पंचायत सोनपुरी के केंद्र सराईपाली तथा ग्राम पंचायत केरवां के केंद्र केरवां में भर्ती की जाएगी।

## 2 टोल प्लाजा की दूरी 60 किलोमीटर से भी है कम

# सुतर्रा टोल प्लाजा के नजदीक के लोग वसूली से त्रस्त, एनएचएआई मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सडक़ों के विकास और यातायात को सुगम करने का काम कर रहा है। कोरबा जिले में हजारों करोड़ की लागत से तैयार किये गए नेशनल हाईवे-130बी पर आवाजाही जारी है। इसका दूसरा सिरा अंबिकापुर की तरफ शिवपुर के आगे से बचा हुआ है। कोरबा जिले में दो स्थान पर लगाए गए टोल बेरियर के कारण आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। सबसे बड़ा कारण टोल बेरियर के पास की आबादी से वसूली करना है।




सुतर्रा स्थित टोल प्लाजा।

कटघोरा सब डिविजन मुख्यालय से 5 किलोमीटर आगे सुतर्रा में एचएनएआई से ठेका प्राप्त करने वाले ठेकेदार ने टोल प्लाजा का निर्माण किया है। यहां 6 लाइन बनाकर टोल की वसूली की जा रही है। नियमों के अनुसार रिहायशी क्षेत्र के नजदीक टोल प्लाजा की अवसंरचना होने पर वहां के वाहन धारकों को इस मामले में छूट मिली होती है लेकिन स्थानीय ठेकेदार इसे मानने के बजाय लोगों से वसूली में व्यस्त है। इस क्षेत्र में अधिकांश आबादी कृषि और अन्य व्यवसाय से संबंधित हैं जिसे अपने कार्यों के लिए बार-बार यहां-वहां जाना होता है। लोगों का कहना है कि वे इसके लिए कितनी बार टोल का भुगतान करेंगे। दूसरी ओर एक टोल बेरियर चोटिया के पास बना हुआ है। इन दोनों के बीच की दूरी 60 किमी से कम है, जबकि नियम इसके विपरित है। इस बारे में एनएचएआई के अधिकारी परिचय गुप्ता से संपर्क साधने पर उन्होंने सीधे तौर पर जवाब देने के बजाय कहा कि पिछले महीने इस बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है उसका अध्ययन करने से सम्यक जानकारी प्राप्त की जाए।

# तापमान की तरह टमाटर के भी बढ़े तेवर, कीमतें 100 के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



टमाटर की कीमतें 100 रुपये प्रति किलोग्राम के पार हो गई है। यहां तक कि थोक मंडियों में इसके भाव 60 रुपये से 80 प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए हैं। विक्रेताओं ने मौसम और बरसात को इसका प्रमुख कारण बताया है। हालांकि विशेषज्ञों ने बढ़े हुए दामों के पीछे का कारण अवैध भंडारण को बताया है।

**खास बात**

- सीजन में पहली बार कीमत बढ़ने से बिगड़ गया है कीचन का बजट

जिले में टमाटर की कीमत 100 रुपये प्रति किलोग्राम के पार हो गई है। वहीं थोक मंडियों में टमाटर के भाव 60 रुपये से 80 प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए हैं। बाजार के जानकारों के अनुसार बीते एक हफ्ते के दौरान ही बाजार में टमाटर की कीमतें दोगुना और कहीं-कहीं उससे भी ज्यादा हो गईं है। कारोबारी बताते हैं कि पिछले हफ्ते जो टमाटर बाजार में अपनी क्वालिटी के हिसाब से 30 से 40 रुपये के भाव पर बिक रहा था उसकी कीमतें अब 70 से 90 और कहीं-कहीं सौ रुपये किलो तक पहुंच गईं हैं। बीते एक से दो महीने के दौरान टमाटर की कीमतों में 1900 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। टमाटर का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने वाले राज्यों में भी इसकी कीमतें आसमान छू रही हैं। टमाटर ही नहीं मंडियों में अन्य हरी सब्जियों की कीमतों में भी उछाल देखा जा रहा है। फलों और सब्जियों के विपणन से संबंधित अधिकांश समस्याओं का पता उनके जल्दी खराब होने से लगाया जा सकता है। अधिक विपणन लागत, बाजार की प्रचुरता, कीमत में उतार-चढ़ाव और इसी तरह की अन्य समस्याएं फलों और सब्जियों के खराब होने की वजहें हैं। कम तापमान पर, नष्ट होने की क्षमता काफी कम हो जाती है और इस प्रकार कोल्ड स्टोरेज का महत्व बढ़ जाता है।

# खनिज बेरियर में जाम लगने से लोगों को हो रही परेशानी




भारी वाहनों की वजह से मार्ग में लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

सराईसिंगार बलौदा मुख्यमार्ग पर खनिज बेरियर है ठीक उसके सामने पेट्रोल पंप, दीपका-गेवरा कोयला खदान से कोयला लोड लेकर टेलर चालक एक लाईन से भारी वाहन खड़ी कर टोकन कटवाकर आगे बढ़ते हैं, लेकिन सामने से आती खाली भारी वाहन उसके साथ ही खनिज बेरियर के ठीक सामने पेट्रोल पंप भी है। जहां वाहन चालक डीजल व पेट्रोल के लिए पहुंचते हैं। उन्हें भी जाम की वजह से उन्हें भी काफी परेशान होना पड़ता है। बेरियर के पास आड़ा तिरछा खड़ी कर मुख्यमार्ग को वाहन चालक पूरी तरह जाम कर देते हैं और सड़क पर पूरी तरह कब्जा कर लेते हैं, जिससे आवागमन रोज घंटों अवरुद्ध हो जाता है इस मार्ग से बाईक सवार, चार पहिया वाहन व यात्री बसों को बड़ी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर न तो स्थानीय प्रशासन ध्यान दें रहा है न जिला यातायात विभाग ऐसे में आम लोगों सहित यात्री बसों में यात्रा करने वाले मुसाफिरों को अन्य गंतव्य तक समय में पहुंचे में परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।

# सभी को आत्मसम्मान के साथ जीने का अधिकारः साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं लायंस क्लब बालको के संयुक्त तत्वाधान में मोतीसागार पारा सिलाई सेन्टर लायंस क्लब बालको नगर कोरबा में महिलाओं को उनके कानून अधिकार से संबंधित जानकारी दिये जाने के प्रयोजनार्थ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लायंस क्लब बालको कोरबा के पदाधिकारियों के द्वारा मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार साहू एवं विशिष्ट अतिथि कु डिम्पल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा का पुष्पगुच्छ से स्वागत के पश्चात विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण समाज के आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सक्षम बनाने हेतु किया जाता है। उन्होंने ऐसे सेवा भावी कार्यक्रम की सराहना की तथा बताया कि भविष्य में आप सभी जब सक्षम हो तब इसी तरह समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। सभी को संविधान ने आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का




कार्यक्रम को संबोधित करते न्यायाधीश।

अधिकार दिया है। कानून की जानकारी सभी को होना आवश्यक है, कोई भी कानून का उल्लंघन करने पर ये नहीं बोला जा सकता है कि साहब हमें इस कानून की जानकारी नहीं थी। कानून की जानकारी के अभाव में महिलाएं अपराध को सहती रहती है। एक संक्षिप्त उदाहरण के माध्यम से बताया गया कि एक महिला को उसका पति हर रोज शराब पीकर मारता-पीटता था, उसको उक्त अपराध के जानकारी देने के बाद भी उसका पति है कहकर उक्त घटना की शिकायत पुलिस थाने में नहीं कि एक दिन उसके पति का मृत्यु हो जाता है, फिर उसका लड़का बड़े होने पर अपने पिता के समान अपने माता को मारता-पीटता है, उस महिला को कानून की जानकारी थी उसने अपने पुत्र के विरूद्ध थाने में शिकायत की पुलिस वाले ने उसके लड़का को रात भर थाने में बैठाकर रखा। सुबह होने पर वह महिला थाने पहुंची तो पुलिस वाले ने कहा कि बताओं अब आपको इसकी रिपोर्ट लिखानी है तो उस महिला ने अपने पुत्र के विरूद्ध रिपोर्ट नहीं लिखवाया। उसके बाद से उसके पुत्र ने कभी भी अपने माता को नहीं मारा क्योंकि उसको कानून का डर हो गया। किसी भी व्यक्ति को उक्त कार्य करने से उसे सजा हो सकती है या कानून की जानकारी है तो वह अपराध करने से बचेगा। कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने कहा कि न्याय सबके लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सभी महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकलांग, आपदा पीड़ति व्यक्ति या कोई भी व्यक्ति जिसकी आय 1.50 लाख रूपये से कम है, को निःशुल्क विधिक सहायता एवं विधिक सलाह दिया जाता है। पीड़ति क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत पीड़ितों को हुई क्षति के अनुरूप मुआवजा प्रदाय किया जाता है। कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन कैलाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष, रिजेश केडिया, रीजन चेयरपर्सन पवन शर्मा, प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गर्वनर विजय अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन जी.पी. केडिया, प्रोजेक्ट चेयरपर्सन पी.एल. सोनी, कैलाश अग्रवाल, सोनल साह, आभा दुबे, नीतू गुप्ता एवं साधना केडिया सहित अन्य लायन सदस्यों शामिल थी। पी.एल.व्ही. अमित स्वर्णकार के द्वारा अंत में पाम्पलेट का वितरण किया गया।

# बालको विभिन्न पहल के माध्यम से सड़क सुरक्षा संस्कृति को दे रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), कोरबा बल्क पेट्रोलियम टर्मिनल प्लांट में लाइव फायर ड्रिल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। व्यापक अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण में 50 से अधिक कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की आग से निपटने तथा रोकथाम के लिए विभिन्न उपायों को अपनाने के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में अग्नि आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रोटोकॉल तथा सीपीआर प्रशिक्षण भी शामिल था।

**खास बात**

- कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की आग से बचने दिए प्रशिक्षण

बालको के सीईओ श्री कुमार ने कहा कि सुरक्षा हमारी पहली और सर्वोपरी प्राथमिकता है जो कंपनी की कार्य संस्कृति में शामिल है। सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ नियमों का पालन करना नहीं है बल्कि यह हमारे कार्य करने के तरीके में समाहित है। कंपनी अपने संयंत्र के साथ-साथ समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है। कंपनी सड़क सुरक्षा पर विभिन्न पहल क मदद से कर्मचारियों के साथ-साथ स्कूल के विद्यार्थियों तथा लोगों में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। थाना प्रभारी सिंह ने सभी से सड़क यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते सभी लोग हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। हम सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और इस संकल्प को पूरा करने के लिए सभी नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। बालको ने वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए भरपूर सहयोग दिया है। सड़क सुरक्षा को देखते हुए बालको द्वारा थर्मोप्लास्टिक मार्किंग, स्पीड ब्रेकर, जेब्रा क्रॉसिंग और रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइनबोर्ड लगाना सराहनीय कार्य है। बालको एक औद्योगिक संगठन के रूप में समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता दिया है। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कंपनी ने विभिन्न पहल का आयोजन किया है। कंपनी संयंत्र में परिसर के साथ-बालको टाउनशिप में यातायात नियमों को लागू करके सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने में भी योगदान दे रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बालको युवाओं के अंदर सुरक्षा संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ईशिका फाउंडेशन ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शारदा विहार क्षेत्र में ईशिका फाउंडेशन के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। शारदा विहार विकास समिति ने इस कार्यक्रम में सहयोगी की भूमिका निभाई। सामुदायिक भवन के आसपास विभिन्न प्रजाति के उपयोगी पौधे लगाए गए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। क्षेत्र के नागरिक इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

ईशिका फाउंडेशन के संचालक गोपाल शर्मा और शारदा विहार विकास समिति के द्वारा पौधा रोपण कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 12 में रखा गया। मुख्य अतिथि और नगर निगम के सभापति श्याम सुंदर सोनी ने जीवन के लिए जल और वृक्षों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर जीवन तब ही संभव हो सकता है जबकि हम सभी मिलकर जल और वन संपदा को संरक्षित करेंगे। इस दौरान कमलेश यादव, नरेंद्र, भगवान प्रसाद शुक्ल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। सभी अतिथियों और कार्यक्रम में उपस्थित शारदा विहार के नागरिकों के द्वारा सामुदायिक भवन परिसर में पौधों का रोपण करने के साथ उन्हें हर स्थिति में संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में शारदा विहार से स्मिता सिंह के द्वारा पूर्ण कार्य करने में सहयोग दिया गया जिसमें रवि वरदानी और शारदा विहार विकास समिति के दिलीप सुकेश दलाल राम शंकर साहू इत्यादि सदस्यों का सहयोग रहा।

## स्वर्णकार समाज का परिचय सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

स्वर्णकार समाज समिति के द्वारा केंद्रीय स्तर पर सामाजिक कार्य को गति प्रदान करते हुए स्वर्णकार समाज के द्वारा बलौदा सर्किल में युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं समाज के होनहार स्वजनों का जिन्होंने प्रशासनिक सेवा में पहुंचकर समाज को गौरवान्वित किया है उन्हें सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जांजगीर जिले सांसद श्रीमति कमलेश जांगड़े और स्वर्णकार समाज समिति के अध्यक्ष संतोष सोनी की अध्यक्षता में और समाज के स्वजनों की उपस्तिथि में रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। सांसद कमलेश जांगड़े का समाज की बहनों ने पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम संतोष सोनी, धनेंद् शिवराम, दीपक मोहन, मदन केके सोनी, मोतीलाल, लक्ष्मी नारायण, सोहन राजा, शिवकुमार, अनूप, संगीता, रेवती, रमा, ज्ञानी आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शहर में दो सरकारी...

भी बढ़ चुकी है। नए बड़े कोर्स के अलावा प्रोफेसनल कोर्स के संचालन में दोनों बड़े कॉलेजों में प्रवेश के लिए हमेशा मारा-मारी रहती है। पीजी कॉलेज व मिनीमाता कन्या महाविद्यालय शहर के दो बड़े सरकारी कॉलेज है, यहां सुविधाओं का विस्तार करने के साथ साथ छात्राओं की सुविधा के लिए दोनों कॉलेजों में गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण किया गया है। इनमें शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 50 सीटर और सौ सीटर हॉस्टल शामिल हैं। वहीं मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में 50 सीटर हॉस्टल का निर्माण किया गया है। दोनों ही कॉलेजों में हॉस्टल की केवल बिल्डिंग बनी हुई है। हॉस्टल अंदरुनी आवश्यक संसाधन अभी उपलब्ध नहीं होने से कॉलेज प्रबंधन इन्हें शुरु नहीं कर पा रहा है। जबकि इनके निर्माण को दो वर्ष से अधिक का लंबा समय बीत चुका है।

### गजराजों को मारने...

बिछाकर गलत किया है इससे कभी भी हाथी करंट प्रवाहित तार के जद में आएंगे तो उनकी मौत हो सकती है। वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा तत्काल करंट प्रवाहित तार में कनेक्शन काटकर तारों को जप्त की गई है और ग्रामीणों को समझाइश दी गई है कि वह इस तरह की हरकत ना करें।

### पिता को टांगी...

बालको पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी अशोक केंवट की तलाश में जुट गई। आरोपी केरल में इलायची के बगीचा में काम करता था घटना को अंजाम देने के बाद वह केरल भागने के फिराक में था किन्तु बालको पुलिस की सूझबूझ एवं तत्परता से आरोपी के पता तलाश में लग जाने से आरोपी के फरार होने से पहले ही दोंदरो के स्कूल के पास जंगल तरफ जाते समय आरोपी को धरदबोचा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया है।

### सिलाई मशीन...

जाना था। लगभग 2 करोड़ 90 लाख की राशि से सिलाई मशीन का विरतण किया गया है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिलापंचायत सीईओ ने तीन सदस्यी जांच टीम बनाई है। जिसमें सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग शामिल हैं।

### मरम्मत के दौरान...

के इकाई क्रमांक 1 में जर्क आने पर वह उत्पादन से बाहर हो गया। जर्क का असर डीएसपीएम पॉवर प्लांट पर भी पड़ा और डीएसपीएम प्लांट के 250 मेगावाट की दोनों इकाईयां उत्पादन से बाहर हो गई जिसकी वजह से संयंत्र में विद्युत उत्पादनशून्य हो गया और दोनों संयंत्र में जर्क की वजह से शहर में भी ब्लैकआउट की स्थिति निर्मित हो गई। संयंत्र में उत्पादन ठप होते ही विद्युत उत्पादन कंपनी के अफसरों में हड़कंप मच गया और अधिकारी व कर्मचारियों की टीम दौड़े दौड़े संयंत्र में पहुंचे और 4 घंटे की मशक्कत के बाद संयंत्र की इकाईयों से दोबारा विद्युत उत्पादन शुरु किया गया। किसी तरह उत्पादन को बहाल किया गया तो वहीं दूसरी ओर शहर में लगभग 1 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

## कोरबा मार्केट




अग्रवाल एजेंसी
कोरबा, कटघोरा
99263 62800
98930 06380

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, M.Com Msc व PET NEET, JEE की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप

### जयसिंह अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेसी करेंगे धरना प्रदर्शन



**कोरबा।** बलौदाबाजार हिंसा के विरोध में कांग्रेस द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में 18 जून को किए जा रहे धरना प्रदर्शन के लिए प्रभारियों की घोषणा की है। जिसमें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को बिलासपुर जिले का प्रभारी बनाया गया है। श्री अग्रवाल के नेतृत्व में बिलासपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी व ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी धरना प्रदर्शन करेंगे।

### पानी की समस्या को देखते हुए जनपद सदस्य ने कराया बोर



**हरदीबाजार।** जनपद सदस्य क्रमांक 4 के सदस्य अनिल टंडन ने हरदीबाजार, सराईसिंगार, अमगांव, सुवाभोंडी -चैनपुर में पानी की समस्या को देखते हुए बोर खनन का भूमिपूजन किया। एसईसीएल दीपका के कोयला खदान, क्षेत्र का पूरा पानी अपने में समाहित कर क्षेत्र को पानी के लिऐ मोहताज बना दिया है। वहीं पानी की इस गंभीर समस्या को देखते हुए जनपद सदस्य अनिल टंडन ने बोर खनन का भूमिपूजन भांठापारा रेंकी रोड में अपने सौजन्य से कराया है। अब बोर हो जाने से स्वच्छ साफ पीने और नित्य क्रियाकलापों के लिऐ पानी मिलने लगेगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पानी टेंकर के माध्यम से जो जलापूर्ति हो रही वो सही और जरूरत लोगों को नहीं हो पा रही है अधिक मात्रा में पानी की हरदीबाजार, सराईसिंगार, अमगांव दर्रा खांचा व सुवाभोंडी में पानी की गंभीर समस्या निरंतर बना हुआ है। भूमिपूजन के दौरान रामदास महंत, द्रौपदी चौहान, शारदा आर्मो, पंच कुंवर, किशोर पटेल, रंजीत महिलांगे, बसंत चौहान एवं अन्य मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर की सेमिनार



**कोरबा।** भारतीय कुश्ती संघ के अधीन भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी ने राष्ट्रीय स्तर का तकनीकी सेमिनार, 13 से 17 जून तक डीएवी स्कूल शिमला में किया। इस सेमिनार में ग्रेपलिंग की तकनीकी बारीकीयों को सिखाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक जखारोव (रूस) से आमंत्रित किया गया था। सेमिनार में देशभर से चुने हुए निर्णायक/कोच को बुलाया गया ताकि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। इस सेमिनार में प्रदेश ग्रेपलिंग-कुश्ती संस्था के राष्ट्रीय निर्णायक कार्तिक स्वामी मुदलियार एवं कोच राहुल डहरिया जागृति क्लब ढेलवाडीह भी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ ग्रेपलिंग-कुश्ती संस्था के अध्यक्ष उमेश साहू, सचिव के. हेमंत कुमार, विमल मानिकपुरी, सचिव जागृति क्लब एवं सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने बधाई दी।

### फंदे में युवक की मिली लाश, मर्ग कायम

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदरीपारा बस्ती निवासी नागराज बिंझवार लगभग 30 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया है। युवक एसईसीएल रजगामार में कार्यरत था तथा वह अपने घर में अपने बहन और अपनी मां के साथ निवास करता था। युवक ने आत्महत्या क्यों की है इसका खुलासा जांच के बाद ही होगा। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## रिवर व्यू गार्डन में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी शुरू करने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में डीएमएफ के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



स्टेडियम परिसर का अवलोकन करते कलेक्टर व प्रशासनिक अधिकारी।

कलेक्टर ने आज कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत डीएमएफ मद से किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने नगरीय क्षेत्र विवेकानंद शैक्षणिक परिसर, ई-लाइब्रेरी, इंदिरा स्टेडियम परिसर, अशोक वाटिका, दर्री के रिवर व्यू गार्डन का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों का अवलोकन कर प्रगतिरत अपूर्ण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

रिसदी के समीप निर्मित विवेकानंद शैक्षणिक परिसर के सभी हॉल, दुकानों का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य के संबंध में पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा की एक ही छत के नीचे विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने के लिए यह परिसर तैयार किया गया है। इसके संचालन से नगरवासियों को काफी लाभ मिलेगा। इस हेतु परिसर में जल्द से जल्द कोचिंग एवं दुकानों के संचालन हेतु निगमायुक्त को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने डिंगापुर स्थित ई-लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण करते हुए रीडिंग रूम, पुस्तकालय कक्ष, सभा कक्ष, श्रव्य दृश्य कक्ष, समूह चर्चा कक्ष आदि का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से लाइब्रेरी में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली साथ ही उनके एकाग्र अध्ययन हेतु सुविधाजनक वातावरण के विकास हेतु जरूरतों के संबंध में विस्तृत चर्चा भी की। दर्री के रिवर व्यू गार्डन में डीएमएफ अंतर्गत किए गए कार्यो का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने शहर की आवश्यकता एवं मांग को ध्यान में रखते हुए भविष्य में शहर के अंदर टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु रिवर व्यू गार्डन को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की बात कही। उन्होंने निगमायुक्त को रिवर व्यू गार्डन में वोटिंग सहित अन्य वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी प्रारंभ करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# कलेक्ट्रेट में महिला उत्पीड़न को लेकर लगेगी शिकायत पेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

कार्य के दौरान सरकारी दफ्तरों में महिला उत्पीड़न के होने वाले मामलों को लेकर शिकायत पेटी लगाई जाएगी। कलेक्ट्रेट परिसर में ही पेटी लगाने के निर्देश राज्य महिला आयोग के द्वारा पूर्व में जारी किया गया है जिसपर अमल हो रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित कार्यालयों के अलावा शहर के अन्य स्थानों में चलने वाले दफ्तरों में भी शिकायत पेटी लगाने की तैयारी की जा रही है।

**खास बात**

- राज्य महिला आयोग के निर्देश पर होगा अमल

राज्य महिला आयोग ने प्रदेशभर में सरकारी दफ्तरों में कार्य के दौरान महिलाओं को होने वाली परेशानियों एवं अन्य समस्याओं को लेकर आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरण मयी नायक ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान इस बात की जानकारी दी थी कि आयोग ने सरकारी दफ्तरों में महिला उत्पीड़न के प्रकरणों को गंभीरता से लेकर प्रत्येक कलेक्ट्रेट में शिकायत पेटी लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत कोरबा जिले में भी सरकारी दफ्तरों में शिकायत पेटी लगाए जाने की तैयारी हुई थी किंतु कुछ कारणों की वजह से सभी कार्यालयों में इसका अमल नहीं हो सका था। वहीं विधानसभा और लोकसभा चुनाव की वजह से कई सरकारी काम बंद हो गए थे। कलेक्ट्रेट के हर दफ्तरों में कामकाज शुरु होने के साथ अब शासन प्रशासन के उन निर्देशों पर भी अमल हो रहा है जो रुक हुए थे। महिला शिकायत पेटी अब अनिवार्य रुप से कलेक्ट्रेट एवं अन्य सरकारी दफ्तरों में लगाई जाएगी।

**बढ़ रही महिला कर्मचारियों की संख्या**

कलेक्ट्रेट के सरकारी दफ्तरों में पिछले कुछ वर्षों से महिला कर्मचारियों की संख्या बढ़ी है। जिनकी सुरक्षा को लेकर शासन प्रशासन गंभीर है। विधानसभा चुनाव के दौरान महिला कर्मचारियों की अत्याधिक संख्या की वजह से एक पूरे विधानसभा को ही महिला कर्मचारियों के हवाले कर दिया गया था। जिला प्रशासन के हर विभाग में महिला कर्मचारी पदस्थ हैं। जिसको लेकर राज्य महिला आयोग के अपने अलग निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# हादसों को रोकने के लिए सड़क के दोनों ओर लगाया जा रहा रेडियम रिफ्लेक्टर टेप



रेडियम रिफलेक्टर लगाते पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी. एस. चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमती नेहा वर्मा और एसडीओपी पंकज ठाकुर के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पाली थाना प्रभारी चमन सिन्हा व पाली थाना स्टाफ द्वारा नेशनल हाइवे एवं पाली दीपका रोड में विशेष अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व सड़क दुर्घटना रोकने हेतु सड़क के दोनों ओर रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगाया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह में आधा दर्जन सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई है उस क्षेत्र के पेड़ एवं मोड़, पुल वाले स्थल में रेडियम टेप लगाया गया ताकि जितने भी वाहन चालक हैं खतरों से आगाह हो सके। इसके साथ ही रात्रि में दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क के दोनों ओर रेडियम टेप लगाया गया। जिससे वाहन चलते समय चालकों को सड़क की चौड़ाई का अंदाजा लगाने में आसानी हो और दुर्घटाओं से बचा जा सके। इस मुहिम के दौरान पाली पुलिस द्वारा बस, आटो व ट्रेलर वाहन संचालकों से यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दी गई। साथ ही गलत तरीके से वाहन चलने वालो चालको के लिए चेतावनी भी दी है कि शराब का सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ में लगातार कार्रवाई की जा रही है। शराब पीकर गाड़ी चलाना वालों को नहीं बख्शा जाएगा।

# कीटनाशक का छिड़काव, पेयजल की गुणवत्ता रहे सुनिश्चित : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दवा का छिड़काव करते निगम कर्मी।

वर्षा ऋतु का आगमन हो चुका है, अतः इसे देखते हुए जलजनित व कीटजनित बीमारियों से बचाव हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें, नालियों आदि में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव व पाईप लाईनो के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, अन्य पेयजल स्त्रोतों की शुद्धता की भी आवश्यकता अनुसार जांच कराएं तथा दूषित पानी पाए जाने पर तत्काल उसे उपचारित कर जल का शुद्धिकरण कराएं।

**खास बात**

- जल जनित व कीटजनित बीमारियों से बचाव के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

उक्त बातें आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान संक्रामक व जलजनित बीमारियों जैसे पीलिया, डायरिया, डिसेंटरी, डेंगू, मलेरिया, आदि की संभावनाएं बनी रहती है, इन बीमारियों से बचाव व सुरक्षा हेतु अभी से ही एहतियाती कदम उठाएं तथा आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि नालियों व अन्य जल ठहरने वाले स्थलों पर लगातार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव सुनिश्चित करें, सफाई कार्यों व स्वच्छता पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने कहा है कि जल प्रदाय हेतु स्थापित पानी टंकियों की सफाई, पाईप लाईनों में यदि लिकेज या टूट-फूट होता है तो तत्काल सुधार कार्य, सार्वजनिक नल व हैंण्डपम्पों की सफाई, हैंण्डपम्पों के जल को कीटाणु रहित करने ब्लीचिंग पाउडर आदि का उपयोग आदि की कार्यवाही कराएं। साथ ही वर्षा ऋतु के दौरान कीटजनित बीमारियों की संभावना बनी रहती है, अतः मच्छरों आदि को पनपने व उनको बढ़ने से रोकने के लिए लगातार वार्ड, बस्तियों व आवासीय क्षेत्रों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव जारी रखें, लोगों के घरों में रखें हुए कूलरों का पानी प्रतिदिन बदला जाए, इस दिशा में लोगों को लगातार जागरूक करें, उन्हें समझाईश दें कि वे कूलर का पानी प्रतिदिन बदले, साथ ही उनके घर या आसपास में रखी हुई अपशिष्ट सामग्रियों में पानी का जमाव न होने पाएं, इस हेतु सजग रहें।

**कीटनाशक दवाओं का छिड़काव जारी**

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि आयुक्त के निर्देशानुसार वार्डवार रोस्टर तैयार कर नालियों, जलस्त्रोतों के आसपास तथा अन्य आवश्यक स्थलों पर निगम द्वारा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव प्रारंभ कर दिया गया है ताकि मच्छरों आदि के पनपने व उनको बढ़ने से रोका जा सके। उन्होने बताया कि निगम के स्वच्छता विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस दिशा में लोगों को निरंतर जागरूक भी किया जा रहा है।

**आयुक्त ने की आमजन से अपील**

आयुक्त सुश्री ममगाई ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जलजनित बीमारियों जैसे पीलिया डायरिया, डिसेंटरी व कीटजनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि से बचाव व सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानी बरतें, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें, घरों में मच्छरों को न पनपने दें, कूलर, छत व घर के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर पानी की टंकी, खाली टायर, फूलदान, छत में रूका बरसाती पानी सहित अन्य अपशिष्ट वस्तुओं में रूका हुआ बरसाती पानी नियमित रूप से खाली कराएं ताकि मच्छरों के पैदा होने व उनके पनपने का अवसर न मिले, घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली, परदें लगाएं, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव कराएं।

# चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




शासकीय हाई स्कूल ढिटोरी, करतला में ब्लॉक स्तरीय एफएलएन का चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रथम चरण के इस प्रशिक्षण के लिए करतला ब्लॉक में तीन जोन बनाए गए हैं। जोन एक में करतला, दो में बरपाली और तीन में बिटोरी है। तीसरे जोन के प्रभारी प्राचार्य कृष्णमुरारी व मेंटर यादव एसआरजी श्रद्धा शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण में भागवत जायसवाल सीएसी सुखरीकला, शान्ति लाल कश्यप सहायक शिक्षक प्राइमरी स्कूल, ठाकुरदिया पारा खरवानी, बसंत कुमार मिरी सीएसी खरवानी और सहयोगी तेजराम चंद्रा सहायक शिक्षक प्राइमरी स्कूल द्वारीपारा ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में भाषा और गणित के शिक्षक संगदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका और पाठ्यपुस्तक के साथ अलाइमेंट करते हुए चार ब्लॉक मॉडल पर के बारे में बताया गया। साथ ही एनईपी, एनसीएफ, एफएसई जादुई पिटारा, नवाजतन, स्कूल रेडिनेस और बालवाड़ी आदि प्रशिक्षण में शामिल रहा। प्रशिक्षण में 11 संकुल, जिसमें विटोरी, खरवानी, सोहागपुर, सुखरीकला, फरसवानी, चिचोली, कोथारी, बीरतराई, कराइतारा, पठियापाली और उमरेली के सभी बीआरजी शिक्षक प्रशिक्षार्थियों ने चार दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस डाइट के डाइट प्रशिक्षण प्रभारी किरण लता शर्मा और ज्योति श्रीवास ने निरीक्षण किया।

### नाले के किनारे युवक की मिली थी लाश, हुई पहचान

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरगानाला के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था उसकी पहचान बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लेपरा निवासी पवन सारथी 20 वर्ष के रुप में की गई है। बताया जाता है कि वह पिछले 5 महीने से बोर गाड़ी में काम करता था और वह दरगानाला में कैसे पहुंचा यह परिजनों को भी समझ नहीं आ रहा है। संभावना जताई जा रही है कि पवन की हत्या कर नाले में लाश को ठिकाने लगाया गया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# कुर्बानी के जज्बे के साथ ईद उल अजहा की नमाज की गई अदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नमाज अदा करते समाज के सदस्य।

सोमवार को अकीदत के साथ बकरीद मनाई गई। सुबह लोगों ने मस्जिद और ईदगाहों में नमाज अदा की गई। नमाज के बाद घरों में त्याग और बलिदान की भावना के साथ बकरों की कुर्बानी दी गई। मुस्लिम धर्म गुरुओं ने बताया कि कुर्बानी अल्लाह को बहुत प्यारी है। कुर्बानी के गोश्त का तीन हिस्सा कर एक हिस्सा गरीबों को सदका किया जाता है। दूसरा हिस्सा दोस्त, रिश्तेदारों, पड़ोसियों को और तीसरा हिस्सा खुद इस्तेमाल किया जाता है।

शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक धूमधाम से बकरीद त्यौहार मनाया गया। मस्जिदों में नमाज पढने के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दीं। मुस्लिम बंधुओं ने मुल्क की खुशहाली, तरक्की, शांति और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। कुर्बानी कबूल करने के लिए अल्लाह ताला से दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोग कब्रिस्तान में फातिहा भी पढने पहुंचे। यहां अपने मरहुमों के हक में दुआ मांगी गई।इस दौरान सभी से अमन और भाईचारा कायम रखने की अपील की गई। पर्व पर जरूरतमंदों का ख्याल रखा जाता है। नमाज के बाद पैगंबर हजरत इब्राहिम और पैगंबर हजरत इस्माइल की असीम कुर्बानी को याद करते हुए बकरा की कुर्बानी दी गई। कुर्बानी पर्व बकरीद पैगंबर हजरत इब्राहिम व पैगंबर हजरत इस्माइल की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है।

कोरबा में स्थित इबादतगाहों पर ईद-उल-अजहा की नमाज तय वक्त में अदा की गई। मरकजी ईदगाह, दुरपा रोड में 8 बजे, जामा मस्जिद, पीएच रोड में 7 बजे, मदीना मस्जिद, रानी रोड में 8.15 बजे, मस्जिद गरीब नवाज, टी.पी. नगर में 7.30 बजे, ईदगाह/मस्जिद आला हजरत, गेरवाघाट में 7.15 बजे, मस्जिद गौसे आजम, मुड़ापार में 7:45 बजे, नूरानी (कॉलियरी) मस्जिद, एसईसीएल में 7.30 बजे, शाही नूरी मस्जिद, बुधवारी कोरबा में 7.45 बजे, खानकाह-ए चिश्तिया, दादर में 7.30 बजे, ईदगाह, ग्राम-रजगामार में 8 बजे, मदरसा रूमगरा (दर्री) में 8 बजे नमाज अदा की गई।

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Korba To | Zest | Crysta | Today Offer* |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 2999 | 4999 | 1499 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से
21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी,श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411